# जिलाधिकारी ने बैंकर्स को दी चेतावनी

## युवा उद्यमी योजना व पीएम सूर्य घर योजना के लक्ष्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत बैंकों को प्रेषित स्वीकृति एवं ऋण वितरण हेतु लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गत माह 5 फरवरी को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों एवं निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बैंकों के उच्च अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ा असंतोष व्यक्त किया। केनरा बैंक से उपस्थित उप महाप्रबंधक एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक को आवंटित 612 लक्ष्यों के सापेक्ष केवल 240 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया तथा 411 आवेदन पत्र निरस्त कर दिए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार पंजाब नेशनल बैंक को आवंटित 666 लक्ष्यों के सापेक्ष मात्र 435 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया तथा 576 आवेदन पत्र निरस्त किए गए। वहीं भारतीय स्टेट बैंक को योजनान्तर्गत 572 लक्ष्यों के सापेक्ष 291 लाभार्थियों को ही ऋण वितरण किया गया तथा 592 आवेदन पत्र निरस्त किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना ठोस कारण के बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि निरस्त आवेदनों के संबंध में आवेदकों से संपर्क कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए पुनः पोर्टल पर आवेदन कराकर बैंकों को प्रेषित कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह में पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यदि बैठक से पूर्व बैंकों द्वारा अपने-अपने लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित नहीं की जाती है तो संबंधित बैंकों के महाप्रबंधकों/उप महाप्रबंधकों एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को पत्र प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।



बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी ने बैंकों एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष योजना से लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सोलर संयंत्र स्थापित कराने के लिए जनजागरूकता बढ़ाई जाए तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं पीएम सूर्य घर योजना शासन की प्राथमिकताओं में हैं। सभी बैंक निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि बेवजह आवेदन निरस्त करने, लक्ष्य को पूरा न करने अथवा योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता, लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# थाना परीक्षितगढ़ में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना परिसर में गुरुवार को आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों व धर्मगुरुओं ने भाग लेकर आपसी सौहार्द बनाए रखने पर सहमति दी। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने कहा कि ईद का त्यौहार भाईचारे व शांतिपूर्वक मनाने के लिए होता है आपसी सद्भावना बिगड़ने के लिए नहीं उन्होंने सभी धर्म गुरुओं तथा क्षेत्रवासियों से अपील की के प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें तथा विशेष रूप से ईद के मौके पर पढ़ी जाने वाली नमाज को लेकर कहा कि नमाज ईदगाह मस्जिदों और निर्धारित स्थान पर ही पढ़ी जाए जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े तथा आगामी अलविदा जुमे के अवसर पर भी सतर्कता बरतने की अपील की तथा कोई भी ऐसा काम ना हो जिससे सामाजिक तत्व हावी हो तथा नमाज के बाद हुड़दंग न मचाया जाए अगर ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही चेयरमैन हिटलर त्यागी ने कहां की ईद का त्यौहार आपसी सौहार्द का त्यौहार है इस त्यौहार को खुशी के साथ ही मनाया जाना चाहिए आज तक किसी भी तरह की नगर व आसपास के क्षेत्र में ईद पर कोई झगड़ा फसाद नहीं हुआ है इसलिए ईद को भाईचारे के साथ मनाए। इस मौके पर एसएसआई विजेंद्र सिंह एस आई राजकुमार, हेड कांस्टेबल विनय सूर्यवंशी, मौलाना आरिफ, गुड्डू अगवानपुर, मौलाना अनीस अहमद, मुफ्ती मुजाहिद खानपुर, मौलाना रिजवान, मौलाना इस्माइल, पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, कृष्ण चौधरी, लवली जाटव, डॉ. गजेंद्र त्यागी, आदेश सभासद, मास्टर राजेंद्र प्रसाद गर्ग, राकेश गर्ग सहित सभी मस्जिदों के मौलवी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# अलविदा जुमे व ईद पर शराब की दुकानें बंद रखने की मांग

## नायब शहर काजी ने डीएम से ईद पर सुरक्षा की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को नायब शहर काजी जैनुर राशिदीन के नेतृत्व में जमीयत उलेमा के सदस्यों ने जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि अलविदा जुमे और ईद को देखते हुए मुस्लिम क्षेत्रों में साफ-सफाई कराई जाए। पानी व प्रकाश की सुचारू व्यवस्था कराई जाए। साथ ही किसी भी आतंकी घटना को रोकने के लिए शाही जामा मस्जिद और ईदगाह मैदान पर सी.सी. कैमरे और मैटल डिटैक्टर से निगरानी की जाए। साथ ही एक दिन पूर्व दोनों स्थानों पर फोर्स लगाने की भी मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने अपने मांग पत्र में दोनों ही त्यौहारों पर शराब की दुकानें बंद रखने की मांग की और मुस्लिम क्षेत्रों में आवारा जानवरों सुअर, भैंस, बैल आदि के घूमने पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा सड़कों की मरम्मत कराई जाए। डीएम ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है कि वह स्वयं त्यौहारों को गंभीरता से लेंगे और एडीएम सिटी, शहर पुलिस अधीक्षक तथा नगरायुक्त को उनकी मांगों के समर्थन में तत्काल समुचित कार्रवाई हेतु लिखा जाएगा। इसके बाद पत्रकार से मुखातिब होते हुए नायब शहर काजी ने प्रशासन से सहयोग मिलने की उम्मीद जताई है। वहीं शराब की दुकानें बंद करने का उन्हें समर्थन भी मिल रहा है।



# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व किडनी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को मेडिकल कॉलेज मेरठ के गुर्दा रोग विभाग द्वारा विश्व किडनी दिवस मनाया गया। जिसकी इस वर्ष की थीम है 'लोगों की देखभाल, धरती की रक्षा'। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर. सी. गुप्ता ने बताया कि किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, ये खून को साफ करने से लेकर, खून में रसायनों और द्रव के संतुलन को ठीक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

किडनी की बीमारियों का संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो सकता है। ये शरीर में विषाक्तता बढ़ाने का भी कारण हो सकती है, इसलिए जरूरी है कि सभी लोग निरंतर किडनी को स्वस्थ रखने वाले उपाय करते रहें। आहार और लाइफस्टाइल को ठीक रखने के साथ ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सबसे आवश्यक माना जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज मेरठ की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुधा कुमारी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया कि किडनी को ठीक रखने पर विशेष ध्यान देते रहना जरूरी है, क्योंकि जिन लोगों को किडनी रोग है उनमें समय के साथ मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं यहां तक कि डिप्रेशन जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने का भी खतरा हो सकता है।

प्रमुख अधीक्षक सुपरस्पेशियलिटी विभाग डॉ. धीरज बालियान ने विश्व किडनी दिवस को मनाने के उद्देश्य, किडनी रोगों के प्रति लोगों के बीच जागरूकता आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। भारत में हर साल तकरीबन दो लाख लोगों किडनी से जुड़ी बीमारियों का शिकार होते हैं। मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता सिंह ने कहा कि सभी लोगो को डायबिटीज व ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखना चाहिए। डायबिटीज के कारण अक्सर किडनी की समस्या होती है तो बीच-बीच में किडनी का भी चेकअप कराएं। मोटापे से बचें। अधिक पानी पिएं। तंबाकू न खाएं और धूम्रपान न करें। नमक कम खाएं। तनाव कम लें। किडनी की समस्या हो जाती तो किडनी रोग डॉक्टर की सलाह के दर्द की दवा न लें।

गुर्दा रोग विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. स्नेहलता वर्मा ने कहा कि किडनी का काम शरीर में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना होता है जिनकी मौजूदगी कई बीमा. रियों को जन्म दे सकती है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच किडनी की सेहत को लेकर जागरूक फैलाने के मकसद से यह खास दिन मनाया जाता है। मेडिकल कॉलेज मेरठ के एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. संध्या गौतम ने बताया कि किडनी समस्याओं का सबसे आम कारण डायबिटीज है। 50 फीसदी मरीज डायबिटीज के कारण किडनी की समस्या से ग्रस्त हैं। सुस्त जीवनशैली और खराब खानपान के कारण लोगों में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की समस्या आम है, जो किडनी रोग का कारण बनती है। तला-भुना व भारी मसालेदार खाने से भी दिक्कत है। शुरुआत में किडनी के समस्या के लक्षण नहीं दिखाई देते हैं लेकिन बाद में चेहरे पर सूजन आना, पेशाब की कमी, भूख न लगना और पेशाब में खून आना, सांस फूलना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सरसाइज करें, बीपी पर काबू रखें। डीन पैरामेडिकल पाठ्यक्रम डॉ. योगेश मणिक ने बताया कि नियमित कसरत करें तो किडनी संबंधी समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज मेरठ के सभी संकाय सदस्य, जूनियर रेसिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, विद्यार्थीगण आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता ने गुर्दा रोग विभाग को कार्यक्रम के सफल संच. ालन हेतु शुभकामनाएं दीं।



# आईएमटी गंगानगर लॉ डिपार्टमेंट के छात्र मो. अनस को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/किठौर।** आईएमटी यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एलएलबी के छात्र कस्बा किठौर निवासी मोहम्मद अनस को नवाजा गया। आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के छात्र मो. अनस पुत्र मारूफ अहमद किठौर को राष्ट्रीय सम्मेलन कृत्रिम बुद्धिमत्ता नेशनल कॉन्फ्रेंस आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु असिस्टेंट कमिश्नर अंकिता यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। किठौर निवासी मोहम्मद अनस पुत्र मारूफ अहमद ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया आईएमटी गंगानगर लॉ डिपार्टमेंट में आयोजित इस प्रोग्राम में सैकड़ों छात्रों ने प्रतिभाग क्या जिसमें अनस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उत्कष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। जहां असिस्टेंट कमिश्नर अंकित यादव भी मौजूद थीं। उन्होंने छात्र मोहम्मद अनस को प्रशस्ति पत्र देकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। उसकी कामयाबी से कस्बा किठौर वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र की यह कामयाबी अन्य छात्रों के लिए एक मिसाल बन गई।

# शोभित विश्वविद्यालय में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज, शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), मोदिपुरम, मेरठ द्वारा एमएसएमई टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर (पीपीडीसी), मेरठ के सहयोग से उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त (एमएसएमई) द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन छात्र एंकर मुस्कान कुमारी (बीबीए, छठा सेमेस्टर) एवं दीपु शर्मा (बीबीए, चौथा सेमेस्टर) द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जो ज्ञान, सकारात्मकता और प्रगति का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए।

पहले सत्र में 'उद्यमिता का परिचय एवं प्रेरणा' विषय पर प्रो. (डॉ.) अनुज गोयल ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व, नवाचार की आवश्यकता तथा आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। दूसरे सत्र में 'व्यावसायिक अवसरों की पहचान एवं मार्गदर्शन' विषय पर प्रो. (डॉ.) अशोक गुप्ता, डीन अकाद. मिक, शोभित विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक अवसरों की पहचान करने तथा उन्हें सफल व्यवसाय में परिवर्तित करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

तीसरे सत्र में 'वित्तीय साक्षरता एवं सरकारी योजनाएँ' विषय पर प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता, निद. ेशक, नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन तथा उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में संवादात्मक चर्चा एवं प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसका संचालन नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवनीश त्यागी ने किया। इस सत्र में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के साथ सक्रिय रूप से संवाद किया और उद्यमिता से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ तथा उन्हें भविष्य में उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।




# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अगुवाई में पोस्ट बजट वेबिनार आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सबका साथ सबका विकास लोगों की उम्मीदों को पूरा करना विषय पर पोस्ट-बजट वेबिनार 2026 का आयोजन किया गया। इसमें नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, बहुपक्षीय संस्थाओं, निजी संगठनों आदि को एक साथ लाकर केंद्रीय बजट 2026-27 की घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। यह वेबिनार सरकार की वार्षिक पोस्ट-बजट परामर्श प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतिगत घोषणाओं को एक्शनेबल इम्प्लीमेंटेशन फ्रेमवर्क में बदलना है। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बजट भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने और विकसित भारत के लिए ह्यूमन कैपिटल को मजबूत करने का रोडमैप प्रदान करता है। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने भी उद्घाटन सत्र में भाग लिया। समापन सत्र में उन्होंने भारत की विकास यात्रा में केयर इकोनॉमी के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा केयर इकोनॉमी भारत के लिए सामाजिक प्राथमिकता होने के साथ-साथ एक आर्थिक अवसर भी प्रस्तुत करती है। बजट में 1.5 लाख मल्टीस्किल्ड केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने की घोषणा के माध्यम से हम एक ऐसा प्रोफेशनल इकोसिस्टम बना रहे हैं जो हेल्थकेयर, वेलनेस और असिस्टिव टेक्नोलॉजी को एक साथ जोड़ता है, साथ ही सम्मानजनक रोजगार के अवसर, विशेषकर महिलाओं के लिए, सृजित करता है।

## 24 मार्च को आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में होगी चाय कैन्टीन की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर आयुक्त अम्बरीष कुमार बिंद ने बताया कि कार्यालय आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ में 24 मार्च की अपरान्ह चार बजे आयुक्त कार्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में चाय कैंटीन की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए की जानी है। चाय कैंटीन की नीलामी की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा है।

# सुभारती विधि संस्थान के छात्रों ने अमृत उद्यान में किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के छात्रों के लिए नई दिल्ली स्थित अमृत उद्यान की एक ज्ञानवर्धक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र जी (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च-न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) के निर्देशन में तथा संकायाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई के संरक्षण में किया गया। प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई तथा प्रो. (डॉ.) प्रेम चंद्र के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षिक दौरे के अंतर्गत बी.ए. एलएल.बी. एवं पीएच.डी. के छात्रों का एक समूह अमृत उद्यान पहुंचा। अमृत उद्यान, जिसे पहले मुगल गार्डन के नाम से जाना जाता था, आम जनता के लिए 3 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक खुला रहेगा।

अमृत उद्यान में आगंतुकों के लिए बाल वाटिका, प्लुमेरिया गार्डन, बैनियन गार्डन, बोंसाई गार्डन, बबलिंग ब्रुक, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन तथा सर्कुलर गार्डन जैसे आकर्षक स्थल हैं। इस वर्ष उद्यान में टड्यूलिप और विभिन्न प्रकार के गुलाब के साथ कई नई विशेषताएँ भी देखने को मिलीं। इनमें 'बबलिंग ब्रुक' नामक सुंदर जलधारा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें छोटे-छोटे झरने, पत्थर की सीढ़ियाँ, मूर्तिकलानुमा फव्वारे और एक परावर्तक कुंड शामिल हैं, जो पर्यटकों को एक शांत और ताजगी भरा अनुभव प्रदान करते हैं। यह शैक्षिक यात्रा छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। उन्होंने राष्ट्रपति भवन परिसर के आसपास खूबसूरती से सुसज्जित उद्यानों, विविध प्रकार की वनस्पतियों तथा भव्य स्थापत्य कला का अवलोकन किया। इस अनुभव ने छात्रों को भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यावरणीय विरासत को निकट से समझने का अवसर प्रदान किया। लगभग 15 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला अमृत उद्यान हजारों प्रकार के फूलों से सजा हुआ है और इसे अक्सर राष्ट्रपति भवन की आत्मा कहा जाता है। इस बार उद्यान में दुर्लभ मौसमी फूलों के साथ-साथ बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार 'बाल वाटिका' भी आकर्षण का केंद्र रही, जहां 225 वर्ष पुराने शीशम के पेड़ की कहानी, ट्रीहाउस तथा प्रकृति की कक्षा जैसी रोचक व्यवस्थाएँ की गई हैं। इसके अतिरिक्त बोन्साई एवं गोलाकार उद्यान में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे और जीव-जंतुओं को भी देखा गया। इस अवसर पर छात्रों ने उद्यान परिसर में स्थित फूड कोर्ट का भी आनंद लिया तथा विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस प्रकार की शैक्षिक यात्राएँ छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने, अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने तथा देश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति जुड़ाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



# सरधना भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर विनोद जैन का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद जैन को सरधना नगर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। बुधवार शाम करीब चार बजे मेरठ रोड से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो आदर्श नगर तक पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक शामिल रहे। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ नारे लगाते हुए चल रहे थे। रास्ते में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने नव-नियुक्त मंडल अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मानिक चंद जैन, वीरेन्द्र सैनी, ऋषभ जैन, राजीव जैन, संजीव पंवार, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# दम्पत्ति ने आमरण अनशन की दी चेतावनी, डीएम ने एसपी सिटी से मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्रीनगर निवासी जगमाल राणा व उसकी पत्नी सीता राणा ने गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह से मुलाकात करके बताया कि उनका पैतृक मकान शास्त्रीनगर में है। कोई संतान न होने के कारण अपनी बुजुर्गी को देखते हुए उन लोगों ने मकान का एक भाग कविता नाम की महिला को बेच दिया था। दम्पत्ति का आरोप है कि वह अस्पताल गए हुए थे उस बीच लोहियानगर पुलिस की सांठगांठ से कविता ने मकान की दोनों मंजिल पर कब्जा कर लिया है। वह न्याय के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में इंसाफ न मिला तो वह डीएम ऑफिस परिसर में आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। समस्या सुनकर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने एसपी सिटी से तत्काल मामले की आख्या तलब की है। पीड़ित का कहना है कि कप्तान खुद बचा रहे हैं तो एसपी सिटी क्या रिपोर्ट देंगे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जरूरतमंद के लिए वरदान

## कुल 185 जोड़ो का विवाह अपने रीति-रिवाज के अनुसार धूमधाम से हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को चमरावल रोड स्थित इंद्रदेव इंस्टीटयूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी का परिसर उस समय भावनाओं से भर गया जब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों ने एक साथ सभी रस्मों रिवाज पूरे कर अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया। कार्यक्रम में कुल 185जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।





कार्यक्रम स्थल राजसी अंदाज में सजाया गया था। सफेद और भगवा रंग के टेंटों से सजा परिसर, फूलों की मालाओं से सजे मंडप और मंच, हर दिशा में उल्लास और एकता का वातावरण फैला था। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों की जोड़ियाँ एक ही परिसर में विवाह और निकाह के बंधन में बंधीं, जो गंगा-जमुनी तहजीब और सां. प्रदायिक सौहार्द की अद्भुत मिसाल रही। शहनाई की मधुर धुनों, बैंडबाजे के गीतों और मेहमानों की तालियों के बीच जब नवविवाहित जोड़े मंच पर आए, तो हर किसी की आंखें खुशी से चमक उठीं। इंद्रदेव इंस्टिटयूट इस मैरिज हॉल की तरह सजाया गया जिसमें जगह-जगह संप्रदायों के अनुसार सेल्फी प्वाइंट बनाए गए। जयमाला का आशीर्वाद समारोह स्टेज बनाया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के वैवाहिक कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रजलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्होंने वर वधू को को मौके पर पहुंचकर आशीर्वाद दिया और उन्हें वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में बागपत विधानसभा के विधायक योगेश धामा ने भी वर वधु को आशीर्वाद दिया। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा सरकार हर व्यक्ति के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। बेटियों के लिए पढ़ाई से लेकर शादी तक सरकार चला रही है। शानदार योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लेकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तक सरकार द्वारा चलाई जा रही है सराहनीय योजनाएं जनता ले सकती है। इनका लाभ और अपने सपनों को कर सकती है। साकार पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है और रोजगार के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। आप भी जिस क्षेत्र में अपनी रुचि रख सकते हैं उत्तर प्रदेश सरकार की योजना से जुड़े और लाभान्वित हो। विधायक योगेश धामा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के जीवन में उजाला भर रही है। आज यह विवाह समारोह सरकार के संकल्प को धरातल पर उतरते हुए दिख रहा है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, अधिशासी अधिकारी के.के. भड़ाना, मनोज रस्तोगी, वीरज त्रिपाठी, हरी लाल पटेल, आस्था पाठक, सीमा राघव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक बागपत डा.विभास राजपूत, जिला किसान मोर्चा भाजपा नितिन चौधरी, हरकेश शर्मा सहित आदि अधिकारी अन्य उपस्थित रहे।

## चार साल से गैस कनेक्शन व एंजेसी संचालन पर एक हजार रुपए मांगने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागपत।** किरठल गांव की वृद्ध महिला चार साल से उज्जवला गैस का कनेक्शन लेने के लिए एजेंसी और अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। बृहस्पवितार को कलक्ट्रेट पहुंची महिला ने बताया कि एजेंसी संचालक ने उसका कनेक्शन किसी ओर से बेच दिया है और अब उसे कनेक्शन देने के लिए एक हजार रुपए मांग रहा है।

किरठल गांव की महिला रमेशो पत्नी ब्रह्मपाल ने बताया कि चार साल पहले उसका उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस का कनेक्शन बनवाया था, मगर उसे कनेक्शन नहीं दिया गया। वह गैस कनेक्शन के लिए चार साल से एजेंसी और अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रही है, मगर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। एंजेसी संचालक उसे उसका कनेक्शन देने के लिए एक हजार रुपए मांग रहा है और रुपए न देने पर कनेक्शन न देने की बात कह रहा है। बृहस्पवितार को महिला ने कलक्ट्रेट में शिकायत कर उसका कनेक्शन दिलवाने और एजेंसी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिंगोली तगा सरफाबाद मार्ग पर लोनी के तीन युवकों को अज्ञात वाहन नें टक्कर मार दी जिसमें तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें हायर सेंटर भेजा गया है।



अशोक विहार लोनी निवासी इरफान पुत्र इस्लाम, बुदु पुत्र इकराम और बाबू किसी कार्य से सरफाबाद गांव आये थे जब वह देर शाम बाईक से वापस लौट रहे थे जेसी ही वे सिंगोली तगा सरफाबाद मार्ग पर आये तो किसी अज्ञात वाहन नें उन्हें टक्कर मार दी जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों नें देखा तो भागकर उन्हें उठाया और पुलिस को सूचना दी। मौकें पर पहुंची पुलिस नें उन्हें उपचार के लिए पिलाना पीएचसी पर भर्ती कराया जहां बुंदु और बाबू की हालत खराब होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## अधिवक्ता ने की टूटा मार्ग और जर्जर पुलिया ठीक कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है। नाला की पुलिया भी जर्जर हो गई है। जिससे वहां हादसे का डर लगा रहता है। अधिवक्ता कुंवर नदीम राजपूत ने अधिकारियों को टवीट कर मार्ग और पुलिया की मरम्मत कराने की मांग की है।



अधिवक्ता का कहना है कि मार्ग में बड़े-बड़े गढ्ढे बन गए है। पानी की निकासी के लिए नाला की पुलिया भी जर्जर हो गई है। इस मार्ग पर स्कूल बसों का आवागमन होता है वह मार्ग व्यस्त होने के कारण निजि वाहनों का मार्ग से होकर गुजरते है। मार्ग और पुलिया जर्जर होने के कारण यहां कभी भी हादसा हो सकता है। अधिवक्ता कुंवर नदीम राजपूत ने डीएम, एसडीएम, एडीएम, नगर पालिका, मुख्य विकास अधिकारी और मुख्यमंत्री को मार्ग की मरम्मत कराने के लिए टवीट किया है।

### एक नजर

## फरमान के पिता बोलेः रिश्ता किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छोटे से गांव पलड़ा से निकलकर केरल के ग्लैमर और फिर विवादों के केंद्र में आए फरमान खान की कहानी इन दिनों हर जुबान पर है। हीरो बनने का सपना लेकर घर छोड़ने वाले फरमान ने मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा से हिंदू रीति-रिवाजों के साथ विवाह तो कर लिया, लेकिन इस (फिल्मी) मोड़ ने उनके असल जीवन में उथल-पुथल मचा दी है।

जहां एक ओर फरमान अपनी नई जिंदगी की शुरुआत कर रहे हैं, वहीं उनके घर पर मातम जैसा माहौल है। उनके पिता, जफर अली, जो पेशे से किसान हैं, इस शादी से बेहद आहत हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें यह रिश्ता किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं है। जफर अली का कहना है कि बेटे के इस फैसले ने उनकी रातों की नींद उड़ा दी है और उन्होंने ऐलान किया है कि यदि फरमान और मोनालिसा गांव आते हैं, तो उन्हें घर की दहलीज पार करने नहीं दी जाएगी। शादी के बाद बढ़ते विवाद को देखते हुए मोनालिसा ने खुद केरल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि यह विवाह पूरी तरह से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ है और इसमें किसी भी प्रकार का धर्म परिवर्तन नहीं किया गया है। इसके बावजूद, सोशल मीडिया से लेकर पलड़ा गांव की चौपालों तक इस शादी को लेकर बहस तेज है। गांव के लोग इस अंतर्धार्मिक और हाई-प्रोफाइल विवाह को लेकर बंटे हुए नजर आ रहे हैं। फरमान खान का बचपन बागपत के पलड़ा गांव की धूल भरी गलियों में गिल्ली-डंडा और कबढी खेलते हुए बीता। जनता इंटर कॉलेज से पढ़ाई और मेरठ यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद, उनमें अभिनेता बनने का जुनून सवार हुआ। करीब एक दशक पहले वह अपनी किस्मत आजमाने पहले दिल्ली, फिर मुंबई और चेन्नई होते हुए केरल पहुंचे। गांव के लोग उन्हें एक मिलनसार और देसी खेलों के शौकीन युवक के रूप में याद करते हैं, जो साल भर पहले ही गांव आकर अपने दोस्तों से मिला था।

## योजनाओं के तहत युवाओं के सपनों को लगेंगे पंखःजिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री योजना, पीएम सूर्य घर योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकस सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसमें युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से लेकर 40 वर्ष के आयु तक के व्यक्ति लाभान्वित हो सकते हैं जिन्हें बिना ब्याज के 5 लाख तक का ऋण दिया जाएगा जिससे कि वह अपना कोई भी सूक्ष्म उद्योग कर सके इसके लिए शिक्षण योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 पास, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष की वरीयता होनी चाहिए। इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया के लिए एमएसएमई के पोर्टल पर www msme.up.gov.in पर अपने मोबाइल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैंकों के स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किया जाएगा। योजना की मुख्य बातें प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है जिसमें प्रथम चरण में 5 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक 100प्रतिशत ब्याज मुक्त कॉलेटरल गारंटी मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस ऋण को समय से देने पर उन्हें आगे भी 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जा सकता है। 7.



50लाख रुपए के ऋण पर 50प्रतिशत ब्याज अनुदान 3 वर्षों तक दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक किसान का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करना है, जिससे किसानों को विभिन्न कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिल सके। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसान के पास आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा खतौनी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का उद्देश्य किसानों की अलग-अलग स्थानों पर स्थित भूमि को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाकर रिकॉर्ड को व्यवस्थित करना है, जिससे भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और प्रभावी तरीके से मिल सके।

## किसानों से की अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बैठक में अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद में 1,07,814 कृषक सत्यापित हैं, जिनमें से अब तक 70,953 कृषकों द्वारा अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराई जा चुकी है, जबकि 16,181 गैर-प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कृषकों ने भी अपना पंजीकरण कराया है। शेष 36,861 कृषकों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। ऐसे कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी 22वीं किस्त सहित खाद, बीज, कृषि यंत्र, कीटनाशी, फसल बीमा एवं कृषि ऋण पर मिलने वाले अनुदान का लाभ नहीं मिल पाएगा।

इसलिए जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील की कि जिन किसानों ने अभी तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे आधार, खतौनी एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र पर जाकर शीघ्र पंजीकरण करा लें। किसान अपने मोबाइल से Google Play Store ls Farmer Registry UP मोबाइल ऐप डाउनलोड कर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पंचायत सहायक द्वारा ग्राम स्तर पर भी फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी एवं नि:शुल्क सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने बैठक में पीएम सूर्य घर योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए पात्र लाभार्थियों तक लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## स्वजनों के चेहरे की मुस्कुराहट ही इस योजना की सबसे बड़ी सफलताः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाएं आज आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियों और उनके स्वजनों के चेहरे की मुस्कुराहट ही इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है। उन्होंने स्वयं पुष्पवर्षा कर नवविवा. हित जोड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं निकाह एवं विवाह समारोह में उपस्थित रहकर स्वयं की देखरेख में सभी रीति रिवाज संपन्न कराए। समाज कल्याण विभाग, बागपत ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम के रूप में मनाने का निर्णय लिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा ने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान से प्रेरित है। कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की गई थीं। स्वास्थ्य शिविर और सेल्फी स्टैंड विशेष आकर्षण का केंद्र बने। महिलाओं ने मेहंदी काउंटर पर पारंपरिक रस्में निभाई। नगर पालि. का द्वारा शुद्ध पेयजल, स्वच्छता और पार्किंग व्यवस्था की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने शाही अंदाज में बारातियों का स्वागत फूल-मालाओं, पगड़ी और गुलाब. जल से किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, लोकगीत और मंगलगीतों ने वातावरण को और अधिक भावनात्मक बना दिया। जैसे ही फेरे और निकाह संपन्न हुए, पुष्पवर्षा और मंगलगीतों के बीच जब 185डोलियाँ रवाना हुईं, तो हर आंख में गर्व और कृतज्ञता के आँसू थे। यह दिन केवल विवाह का नहीं, बल्कि नारी गरिमा, सामाजिक एकता और आत्मनिर्भरता के उत्सव का दिन बन गया, जिसमें हिंदू धर्म के रीति रिवाज के अनुसार आज 135 शादी में मुस्लिम धर्म के अनुसार 50 निकाह कार्यक्रम संपन्न हुआ इसके साक्षी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री से लेकर अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी रहे।

## 19 मार्च से शुरू चैत्र नवरात्र, 26 को अष्टमी 27 को रामनवमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 19 मार्च से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। 26 मार्च को अष्टमी और 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस बार माता रानी डोली पर सवार होकर आ रही है और उनका प्रस्थान हाथी पर होगा। जिसके कारण देश में अस्थिरता का माहौल और लोगों में असंतोष हो सकता है। राजनीति में भी उथल-पथल का योग बन रहा है। हालांकि माता रानी का प्रस्थान हाथी पर होना शुखा संकेत है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि इस बार 19 मार्च गुरूवार से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। इस बार प्रतिपदा तिथि का क्षय है। 19 मार्च को सुबह 6.53 बजे तक अमावस्या तिथि रहेगी। 20 मार्च को 4.53 बजे तक प्रतिपदा तिथि रहेगी। सर्योदय के बाद तिथि का प्रवेश और सूर्योदय से पूर्व तिथि का समापन होने के कारणवश तिथि का क्षय माना जाता है। माता रानी का डोली पर आगमन शास्त्रों में शुभ नहीं माना जाता है। माता रानी के डोली पर आने से देश में अस्थिरता और राजनीति में उथल-पुथल का योग बन रहा है। हालांकि माता का प्रस्थान हाथी पर होने से शुभ संकेत है। इस बार अच्छी वर्षा और अच्छी फसल के संकेत बन रहे है। इस वर्ष के राजा देव गुरू बृहस्पति और मंत्री मंगल होने से शुखा है। हालांकि मंगल के मंत्री होने से कभी-कभी असंतोष का माहौल खाी बनता रहेगा। नवरात्र में शक्ति की आराधना करने से उत्तम फल की प्राप्ति होगी। कलश स्थापना के लिए सुबह 6.54 बजे से



सुबह 7.40 बजे और सुबह 9.16 बजे से सुबह 11.40 बजे तक समय शुखा है। 26 मार्च को अष्टमी और 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा।

## हाउस टैक्स वसूली में पिलखुवा पालिका का ना रिकॉर्ड, 5 करोड़ से अधिक राजस्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा/हापुड़।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा ने हाउस टैक्स वसूली के मामले में इस वर्ष नया रिकॉर्ड कायम किया है। पहली बार पालिका की हाउस टैक्स वसूली पांच करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है। इस उपलब्धि से पालिका प्रशासन में उत्साह का माहौल है और इसे नगर के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पालिका प्रशासन के अनुसार पिछले वर्ष हाउस टैक्स के रूप में करीब चार करोड़ रुपये की वसूली हुई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर पांच करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। राजस्व में हुई इस उल्लेखनीय वृद्धि को नगर पालिका की नई व्यवस्थाओं और ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। कर निर्धारण अधिकारी ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि पहले लोगों को हाउस टैक्स जमा करने के लिए नगर पालिका कार्यालय आना पड़ता था, जिससे कई बार कर जमा करने में देरी होती थी। लेकिन अब ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही टैक्स जमा करना शुरू कर दिया है। इससे नागरिकों को सुविधा मिलने के साथ-साथ बकाया कर की वसूली भी तेजी से संभव हो सकी है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में कई कर्मचारी एसआईआर ड्यूटी में लगे होने के कारण पालिका में स्टाफ की कमी भी बनी रही, इसके बावजूद कर्मचारियों ने लगातार प्रयास करते हुए हाउस टैक्स वसूली अभियान को जारी रखा। कर्मचारियों की मेहनत और तकनीकी व्यवस्था के बेहतर उपयोग के कारण ही इस वर्ष वसूली में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने कहा कि पालिका भविष्य में भी ऑनलाइन सेवाओं को और मजबूत बनाने पर जोर देगी, ताकि नागरिकों को अधिक सुविधाएं मिल सकें और नगर पालिका के राजस्व में भी वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ राजस्व शहर के विकास कार्यों और जनसु. विधाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## पांच दिन बाद भी नहीं हुआ चोरी की घटना कोई खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र के दोझा गांव में पांच दिन पूर्व तीन घरों में चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। चोरों ने गुलजार मिस्त्री, समसु और गुल्लू के घरों से कीमती जेवरात और नकदी चुराई है।

चोरों ने गुलजार पुत्र हनीफ के मकान में दीवार तोड़कर प्रवेश किया। उन्होंने कमरे में सो रहे परिवार के सदस्यों के दरवाजों पर बाहर से कुंडी लगा दी थी। पीड़ित गुलजार ने बताया कि उनकी बहू के गहने और बेटी की शादी के लिए बनवाए गए दो तोले सोने के जेवरात तथा एक किलो चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। इसके अतिरिक्त, गांव के गुलबाहर के बंद मकान का ताला तोड़कर भी चोरों ने चोरी की। गुलबाहर के लौटने पर चोरी हुए सामान का सही आकलन हो पाएगा। चोरी की यह पूरी घटना गांव की गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें मुंह ढके हुए चार चोर आते-जाते दिख रहे हैं। गांव के वसीम ने बताया कि जब उन्होंने रास्ते में चोरों को रोका, तो उन्होंने उन पर फायरिंग कर दी, जिसमें वसीम बाल-बाल बचे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की, साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

पांच दिन बीत जाने के बाद भी चोरी के इस मामले में कोई ठोस खुलासा न होने से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने चोरों की तत्काल गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कांग्रेस पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने की बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में बृहस्पतिवार को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाबां के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पश्चिम की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के आदेश पर जनपद की कांग्रेस पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने नगर में प्रदर्शन करते हुए बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने की मांग की उन्होंने मीडिया के सामने देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज आम जनता की सबसे बड़ी समस्या महंगाई है, लेकिन सरकार इस पर गंभीर कदम उठाने में किल रही है।



उन्होंने कहा कि देश का आम नागरिक-किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और गृहिणियाँ-महंगाई की मार से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि ने करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। महिला नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, खाद्य तेल, दाल, सब्ज़ियों और अन्य रोज़मर्रा की जरूरतों की वस्तुओं की महंगाई ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। यह भी कहा गया कि सरकार की आर्थिक नीतियाँ महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह असफल रही हैं। पेट्रोल और डीज़ल पर अत्यधिक कर वसूली तथा आवश्यक वस्तुओं के दामों को नियंत्रित करने में सरकार की निष्क्रियता के कारण जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने कहा कि जब देश की जनता महंगाई से परेशान है, तब सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस की प्रमुख मांगें:-पेट्रोल और डीज़ल पर लगाए गए अत्यधिक करों में तत्काल कटौती की जाए। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी कर आम परिवारों को राहत दी जाए। खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रि करने के लिए ठोस और प्रभावी नीति लागू की जाए। महंगाई से प्रभावित गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि महंगाई आज देश का सबसे बड़ा जन-मुद्दा बन चुकी है और महिला कांग्रेस इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाती रहेगी। इस मौके पर काफी संख्या में कांग्रेस की महिला मौजूद रही।

**सूचना**

मेरी पुत्रवधू का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्रवधू काजल पत्नि स्व.मनीष धामा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

कमलेश देवी पत्नि स्व.प्रेम सिंह निवासी पट्टी गिरधरपुर कस्बा व तहसील खेकडा जनपद बागपत।

**सूचना**

हमारी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपनी पुत्री स्वाति शर्मा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

संजय शर्मा पुत्र ओमपाल शर्मा व बबीता शर्मा पत्नि संजय शर्मा निवासी गली नं.6 बागपत, तहसील व जनपद बागपत।

# सीएमओ डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में 28,643 किशोरियों को लगेगा एचपीवी वैक्सीन

## महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जनपद में चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले की 28,643 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाई जाएगी। इसमें वे किशो. रियां शामिल होंगी जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन अभी 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाकर इससे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद में यह विशेष अभियान इसी उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत किशोरियों को गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18) एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है।

जिला प्रतिरक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर चहल ने बताया कि अभियान की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। जिला स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान जल्द ही जिला महिला अस्पताऊ से शुरू किया जाएगा और बाद में इसे सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) तक विस्तार दिया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र बेटियों को इस टीकाकरण अभियान में जरूर शामिल कराएं, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

# मिलावट रोकने को अभियान, 77 नमूनों की जांच में 21 संदिग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

-----------

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में आमजन को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने और खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सचल प्रयोगशाला के माध्यम से विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में संचा. लित किया गया। अभियान के दौरान तहसील टांडा, बस अड्डा रामपुर, शाहबाद गेट तथा शाहबाद रोड स्थित कृष्णा मंदिर ज्वालानगर क्षेत्र में फास्ट फूड के ठेलों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों, पकौड़ी, तेल, मसाले और दालों के विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

खाद्य सचल प्रयोगशाला द्वारा मौके पर चटनी, सॉस, मसाले, खाद्य तेल, रंगीन चावल, पकौड़ी तथा दालों सहित कुल 77 खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की गई। जांच के दौरान 21 नमूनों में प्रथम दृष्टया मिलावट की आशंका पाई गई। इस दौरान आमजन को भी खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए खाद्य पदार्थों में रंग की मिलावट रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान खाद्य कारोबारियों को संभावित मिलावट के तौर-तरीकों के प्रति सचेत करते हुए उन्हें खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की हिदायत दी गई। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, शहाबुद्दीन दोस्त, देवकान्त, धर्मपाल सिंह एवं अजरा बी मोहम्मद मौजूद रहे।

# संविदा लाइनमैन मुस्तफा अली की सड़क हादसे में मौत, दो साल पहले भाई की भी गई थी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर (सैदनगर)।** टांडा थाना क्षेत्र के सरावा गांव में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में संविदा बिजली लाइनमैन मुस्तफा अली की मौत हो गई। हादसे की खबर से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

बताया जाता है कि सरावा गांव निवासी मुस्तफा अली पुत्र करामत शाह बंजारिया बिजली घर पर संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे वह विभागीय कार्य से लालपुर की ओर जा रहे थे। सैदनगर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मुस्तफा अली की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुस्तफा अली अपने पीछे तीन छोटे बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। गौरतलब है कि यह परिवार के लिए दूसरा बड़ा सदमा है। करीब दो वर्ष पहले मुस्तफा अली के भाई मुशर्रफ की भी बिजली लाइन ठीक करते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। लगातार दो भाइयों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों ने इस मामले में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम के ही शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** गुरुवार को एक अज्ञात वाहन ने तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, पटवाई थाना क्षेत्र के खरका निवासी भजनलाल अपने पुत्र रिंकू के साथ शाहबाद किसी काम से आए थे। वापस अपने गांव लौटते समय सेंट पॉल्स स्कूल के पास उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।इसी हादसे में तालकाबाद निवासी देशराज भी घायल हो गए। सड़क पर गिरने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया।

# व्हाट्सएप अकाउंट हैक होने पर सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने लोगों को किया सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके व्हाट्सएप नंबर से किसी को क्यूआर कोड स्कैन करने, पैसे भेजने या किसी प्रकार की पेमेंट करने का मैसेज मिले तो उस पर बिल्कुल विश्वास न करें। उन्होंने बताया कि उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया है, जिसके चलते उनके नंबर से इस तरह के फर्जी मैसेज भेजे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत साइबर सेल में कर दी गई है और जल्द ही आरोपी को पकड़कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मोहन लाल सैनी ने लोगों से सावधानी बरतने और व्हाट्सएप का उपयोग सतर्कता के साथ करने की अपील की है।

# मेडिकल स्टोर संचालक पर जानलेवा हमला

## चाकू से घायल, तिजोरी से 5 हजार रुपये निकाल लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के ऊंचा गांव में मेडिकल स्टोर संचालक पर प्रतिद्वंद्वी द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी और चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और तिजोरी में रखे 5 हजार रुपये भी निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित देशवीर सिंह खन्देली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ऊंचा गांव में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। गांव में ही गुजरैला निवासी अरिन कुमार पुत्र जगदीश भी मेडिकल स्टोर संचालित करता है। आरोप है कि उसका मेडिकल स्टोर कम चलने के कारण वह देशवीर पर दुकान हटाने का दबाव बनाता था और गाली-गलौज करता था।

पीड़ित के अनुसार, अरिन कुमार ने पहले भी धमकी दी थी कि यदि उसने मेडिकल स्टोर नहीं हटाया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अरिन कुमार अपने साथियों अमर सिंह और रवि कुमार समेत अन्य लोगों के साथ पहुंचा और देशवीर सिंह पर लाठियों से हमला कर दिया।

बताया जाता है कि अमर सिंह और रवि कुमार ने देशवीर को पकड़ लिया, जबकि रवि कुमार ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू देशवीर के हाथ में लगने से उनका हाथ फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने देशवीर की तिजोरी में रखे करीब 5 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने देशवीर सिंह खन्देली की तहरीर के आधार पर अरिन कुमार और उसके साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पीएम किसान उत्सव दिवस पर 13 मार्च को कार्यक्रम

## 22वीं किस्त का होगा लाइव प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** 13 मार्च 2026 को गुवाहाटी (असम) में आयोजित होने वाले पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। इस अवसर पर जनपद, विकास खण्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने बताया कि जनपद में पीएम किसान उत्सव दिवस का वर्चुअल रूप से लाइव प्रसारण किया जाएगा। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में, विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड परिसर में तथा ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम में जनप्रति. निधियों, प्रगतिशील कृषकों तथा अन्य सम्मानित किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे से प्रारम्भ होगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सायं 5 बजे से किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कम से कम 50 लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही पीएम किसान समृद्धि केन्द्रों, सीएससी, कृषि मंडी तथा एफपीओ के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को कार्यक्रम से जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि किसान इस कार्यक्रम का लाभ प्राप्त कर सकें।

# रिया जैन ने UPSC में 318वीं रैंक हासिल

## रामपुर की बेटी को पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

---------------

**रामपुर।** तहसील बिलासपुर की रिया जैन ने संघ लोक सेवा आयोग (न्ैब्) की सिविल सेवा परीक्षा में 318वीं रैंक हासिल कर नगरवासियों को गर्व का मौका दिया। मोहल्ला साहूकारा निवासी अनाज व्यापारी अनिल जैन की बेटी रिया की इस उपलब्धि पर रामपुर में खुशी का माहौल है।

पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने रिया जैन को किया सम्मानित

नगरपालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल रिया के निवास पहुंचे और उन्हें शाल ओढ़ाकर, लड्डू खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने रिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता बिलासपुर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। मित्तल ने उम्मीद जताई कि रिया भविष्य में देश सेवा के माध्यम से अपने नगर और परिवार का नाम ऊँचा करेंगी।

**रिया जैन की मेहनत और तैयारी की कहानी**

25 वर्षीय रिया जैन शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने अपनी स्कूली और उच्च शिक्षा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पिछले तीन वर्षों से वह दिल्ली में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। रिया ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार और शिक्षकों को दिया और बताया कि इस कठिन परीक्षा में अनुशासित दिनचर्या, निरंतर अध्ययन और बेहतर टाइम मैनेजमेंट महत्वपूर्ण रहा।

**समारोह में गणमान्य नागरिक और अधिकारी मौजूद**

सम्मान समारोह में अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन गंगवार, लेखाकार अनिल सक्सेना, प्रताप सागर, अभिषेक, कमल सक्सेना, विनोद जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल प्रदान की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील शाहबाद निवासी दिव्यांगजन अनश अली और कुलशुम तथा तहसील मिलक निवासी संजीव को ट्राईसाइकिल प्रदान की। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। ट्राईसाइकिल मिलने से दिव्यांगजनों को अपने दैनिक कार्य करने में सुविधा होगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सभी पात्र दिव्यांगजनों को चिन्हित कर उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# थाना टाण्डा पुलिस ने 2 चोरी की बाइक के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** थाना टाण्डा पुलिस ने 12 मार्च 2026 को रामपुर धम्मन से कोसी नदी जाने वाले बंदे के रास्ते से गश्त/चौकिंग के दौरान दो चोरी की बाइक बरामद की और तीन अभियुक्तों को हिरासत में लिया। बरामद बाइकें थीं: एक स्प्लेंडर प्लस, रंग काला, बिना नंबर प्लेट, और दूसरी स्प्लेंडर प्लस, रंग काला, रजि0 नं0- UP22Dxxxx

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान तौफीक अहमद पुत्र बाबू, गुलशन कुमार उर्फ गोविन्दा पुत्र बून्दीराम, और हिमांशु पुत्र सोनू सिंह, सभी ग्राम पीपलीनायक, थाना टाण्डा, जनपद रामपुर के रूप में हुई। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना टाण्डा में मु0अ0सं0- 98/26, धारा 317(4)/317(5)/318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल थे: उ0नि0 प्रशान्त कुमार, उ0नि0 मुनीश मिश्रा, हे0का0 बलराम सिंह, हे0का0 कोमल सिंह, और का0 मुकुल अहलावत। यह कार्रवाई इलाके में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर पुलिस की सख्ती और निगरानी को दर्शाती है, और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** नगर पंचायत शाहबाद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासन के निर्देशों के तहत लगाया गया, जिसमें सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें स्वस्थ बनाए रखना था, ताकि यदि किसी परीक्षण में कोई बीमारी पाई जाए तो उसका समय रहते उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी मुजीब मियां ने नगर की सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशा व्यक्त की गई कि महिला सफाई मित्र भविष्य में भी नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी। इससे नगर पंचायत शाहबाद को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

# नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सभी प्रस्ताव बहुमत से पारित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में गुरुवार को बोर्ड बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें बहुमत से पारित किया गया। बैठक में बजट सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। बैठक के दौरान पालिका अध्यक्ष सना खानम ने सभी सभासदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी बोर्ड बैठकों में जनहित से जुड़े विकास कार्यों के प्रस्ताव लाकर उन्हें पारित कराया जाएगा, ताकि नगर के विकास कार्यों को गति मिल सके। बैठक में अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, निर्धारण अधिकारी अनिकेत, स्टेनो विलसन कुमार, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, सहायक अभियंता (निर्माण) उमेश बाबू, लेखाकार, एजेंडा लिपिक रफत शेर खान, जलकल अभियंता मूलचंद पटेल, पथ प्रकाश प्रभारी अरुण कुमार, निरीक्षक संजीव कुमार, सफाई निरीक्षक अविनाश, द्वारिका नाथ, मुकेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा सेवा, सुरक्षा और विकास के मंत्र के साथ देश को सशक्त बना रही: शिवबहादुर सक्सेना



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

रामपुर। चमरौआ विधानसभा के सैदनगर मंडल में सुक्खन सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और विकास के मूलमंत्र के साथ भाजपा देश को समृद्ध और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी देते हुए कहा कि बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश, निर्देश सक्सेना, ओमवीर दिवाकर, महेंद्र लोधी, केशव यादव, जगत सिंह, धर्म सिंह, पप्पू सैनी, गंगाराम प्रजापति और राम सिंह मौर्य सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अलविदा जुम्मा पर शहर में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था, कई स्थानों पर बैरियर और डायवर्जन लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** अलविदा जुम्मा के मौके पर शहर में नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था 13 मार्च को सुबह 10 बजे से नमाज समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। यातायात व्यवस्था के तहत शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैरियर लगाकर वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा। इनमें एसबीआई तिराहा, मिस्टन गंज बैरियर, किला पश्चिमी गेट, ज्वाला बच्चा तिराहा, बर्तन बाजार मार्ग, पान दरिबा किला पूर्वी गेट पार्किंग, जामा मस्जिद तिराहा, शाहाबाद गेट और बंगला आजाद खां क्षेत्र शामिल हैं।

### भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** आज दिनांक 12 मार्च को भारतीय किसान यूनियन अंबापिता के दर्जनों पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने आरोप लगाया कि फर्जी अस्पताल, लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर गरीब किसानों और मजदूरों से अनुचित शुल्क वसूल रहे हैं।

पदाधिकारियों ने ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा और अधिकारियों से जांच कराने की मांग की। उन्होंने सभी तहसीलों से 24 अप्रैल तक फर्जी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की सूची तैयार कर रामपुर लाने का आह्वान किया। प्रदर्शन में संतोष कुमार सिकदर, शकील अहमद, महफूज अहमद, महबूब अली, नवाब अली, तौफीक अली सहित अन्य लोग शामिल थे।

